**Title: Need to construct memorials of late Shri Sardar Patel in Delhi and Mumbai – Laid.**

**श्री दिन्शा पटेल** ( कैरा ): सरदार पटेल जैसे महान नेता के स्मारकों के प्रति सरकार की ओर से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। इस अपूर्णता को दूर करने के लिए दिल्ली और मुम्बई में राट्रीय कक्षा का स्मारक बनाना चाहिए और केन्द्र सरकार की ओर से उन्हें पर्याप्त मात्रा में अनुदान मिलना चाहिए। अहमदाबाद के शाही बाग में और करमसद में राट्र कक्षा के स्मारक हैं लेकिन प्रारम्भ से ही वे आर्थिक आपत्ति से पीड़ित है। दोनों को हर साल पांच पांच करोड़ के अनुदान का इंतजाम केन्द्र सरकार की ओर से होना चाहिए। केन्द्र सरकार ने सरदार पटेल की स्मृति में सिक्के और पोस्टल टिकटें तो जारी किए हैं लेकिन वे पर्याप्त मात्रा में सरलता से मिलते नहीं हैं। अतः सरकार से अनुरोध है कि इस बारे में भी ठोस कदम उठाये जायें।